बर्षः- 05
अंकः- 264
मुरादाबाद
(Thursday)
15 January 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया


दैनिक प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## मुरुगन के घर गौ सेवा के बाद बोले पीएम मोदी- पोंगल अब वैश्विक;प्रकृति के संरक्षण पर भी जोर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पोंगल उत्सव में हिस्सा लिया और गौ सेवा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोंगल अब एक वैश्विक त्योहार बन गया है और तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझा धरोहर है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री एल. मुरुगन के निवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने गौ सेवा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोंगल अब एक वैश्विक त्योहार बन गया है और तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझा धरोहर है। पीएम मोदी ने बताया कि पोंगल लोगों को यह सिखाता है कि प्रकृति के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए।पीएम मोदी ने कहा कि पोंगल का त्योहार हमें प्रेरित करता है कि प्रकृति के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित न रहे। उसे हम जीवन शैली का हिस्सा बनाएं। जब ये धरती हमें इतना कुछ देती है तो उसे संजोने का दायित्व भी हमारा है। अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना और पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना सबसे जरूरी है।पोंगल वैश्विक त्योहार बन गयाप्रधानमंत्री ने कहा आज पोंगल एक वैश्विक त्योहार बन गया है। पिछले साल मुझे तमिल संस्कृति से जुड़े कई कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला। यह संस्कृति केवल भारत की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा धरोहर है। पीएम मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति में किसान को जीवन की आधारशिला माना गया है। उन्होंने %तिरुक्कुरल% का हवाला देते हुए कहा कि इसमें कृषि और किसानों के महत्व पर विस्तार से लिखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पोंगल लोगों को प्रेरित करता है कि प्रकृति का सम्मान जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया की लगभग सभी सभ्यताओं में फसलों से जुड़ा कोई न कोई पर्व मनाया जाता है। तमिल संस्कृति में किसान को जीवन का आधार माना गया है। तिरुक्कुरल में कृषि और किसानों पर विस्तार से लिखा गया है। हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं। तमिल संस्कृति की समृद्ध परंपरा पर भी दिया जोर -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिल संस्कृति की समृद्ध परंपरा पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत की साझा धरोहर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पोंगल जैसे त्योहार एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करते हैं।प्रधानमंत्री ने देशभर में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू जैसे त्योहारों के प्रति उत्साह की भी सराहना की और तमिल भाइयों-बहनों को शुभकामनाएं दी। पोंगल, तमिल समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह प्रकृति, सूर्य, पशुओं और किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है और परिवार के साथ संपन्नता, आभार और एकता का प्रतीक है। तमिलनाडु सरकार ने समारोह को सुगम बनाने के लिए पात्र लाभार्थियों के लिए एक किलो चावल, एक किलो चीनी और एक पूरा गन्ना वितरित करने की योजना भी बनाई थी। इससे पहले पीएम मोदी ने नागरिकों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और उनके सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा %संक्रांति का यह पावन पर्व देश के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय रीति-रिवाजों और परंपराओं के अनुसार मनाया जाता है। मैं भगवान सूर्य से सभी के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूँ। उत्तरायण में सूर्य देव के आशीर्वाद से सभी पाप नष्ट होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के साथ नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई बात नहीं हुई, कयासों के बीच शिवकुमार ने दी सफाई

कांग्रेस में सीएम पद को लेकर जारी खींचतान और नेताओं की बयानबाजी से ऐसी लुगदी बन गई है कि कुछ भी स्पष्ट नहीं हो रहा है कि क्या सच में कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन होगा या नहीं? पहले खबर आई कि राहुल गांधी ने सीएम सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को दिल्ली बुलाया है। अब डीके शिवकुमार ने साफ किया है कि मंगलवार को उनकी और राहुल गांधी की मुलाकात में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई, लेकिन उन्होंने दिल्ली जाने की बात स्वीकार की। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को साफ किया कि मंगलवार को जब उनकी राहुल गांधी के साथ बात हुई थी, उसमें कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दरअसल राहुल गांधी, जब मंगलवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे थे तो शिवकुमार उनसे अकेले में बातचीत करते नजर आए थे। ाज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कयास शुरू हो गए थे। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए डीके शिवकुमार ने कहा, %मैं कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष हूं और राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता, हमारी बातचीत प्रोटोकॉल के तहत हुई थी। ये सब बातें सार्वजनिक तौर पर नहीं की जा सकतीं। नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई बात नहीं हुई। राहुल गांधी ने हमें अच्छा काम करने के लिए कहा और हम उसी हिसाब से काम करेंगे।

## हिंदुत्व हमारी आत्मा, वोट के लिए कभी दिखावा नहीं किया; निकाय चुनाव से पहले सीएम फडणवीस की दो टूक




महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बीएमसी चुनाव से पहले कहा कि हिंदुत्व हमारी आत्मा है और वोट के लिए कभी इसका प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने ओवैसी और शिवसेना (यूबीटी) पर भी निशाना साधा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निकाय चुनाव के मतदान से पहले कहा कि उनकी पार्टी ने कभी वोट पाने के लिए हिंदुत्व का प्रदर्शन नहीं किया।

फडणवीस ने हिंदुत्व को अपनी पार्टी की 卐आत्मा卐 बताते हुए कहा कि यह मराठी समाज में गहराई से जुड़ा हुआ है और उनकी पार्टी हर समुदाय की परंपराओं और विश्वासों का सम्मान करती है।फडणवीस ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा हिंदुत्व हमारी आत्मा है। हमने कभी वोट पाने के लिए हिंदुत्व का प्रदर्शन नहीं किया। हमने केवल हिंदुत्व की पूजा की। क्या मराठी व्यक्ति हिंदुत्व में विश्वास नहीं करता? हम हर जाति के हिंदुत्व का उनके अपने रीति-रिवाजों के अनुसार सम्मान और पूजा करते हैं।असदुद्दीन ओवैसी पर भी साधा निशाना- उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी पर इशारों में निशाना साधा। ओवैसी ने हाल ही में यह कहा था कि अगर उनकी गठबंधन सरकार बनी, तो हिजाब पहनने वाली महिला मेयर बन सकती हैं। फ

डणवीस ने इसे मराठी लोगों की अस्मिता को भ्रमित करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा जब कोई %मराठी मुसलमानों% के साथ गठबंधन कर के हिजाब में मेयर बनाने का दावा करता है और मराठी लोगों की अस्मिता को भ्रमित करता है, तब हमें हिंदुत्व की वास्तविकता जनता के सामने रखनी पड़ती है। उद्धव ठाकरे पर लगाए आरोप- सीएम ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर भी आरोप लगाया कि वे चुनावी फायदे के लिए हिंदुत्व से दूरी बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बलासाहेब ठाकरे के लंबे समय से चले आ रहे लाउडस्पीकर हटाने के सपने को कानून और सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार पूरा किया। फडणवीस ने कहा केवल वोट के लिए हिंदुत्व से दूरी बनाना और किसी विशेष समुदाय को लुभाना सही नहीं है। जो लोग सत्ता में आने के बाद लाउडस्पीकर वापस लगाने का दावा कर रहे थे, अब घृणास्पद ढंग से व्यवहार कर रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए। नगर निकाय चुनावों के लिए मतदान कल महाराष्ट्र में बीएमसी सहित 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी, 2026 को कराए जाएंगे, यह चुनाव एक ही चरण में होंगे। मतदाता चुनाव में आसानी से वोट कर सकें इसके लिए सार्वजनिक अवकाश की भी घोषणा की गई है। ग्रेटर मुंबई के सभी पोलिंग स्टेशनों पर सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक वोटिंग होगी। नतीजों की घोषणा 16 जनवरी 2025 को होगी। गौरतलब है कि नामांकन का प्रक्रिया 23 दिसंबर 2025 से शुरू हुई थी। वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 30 दिसंबर थी। जिन उम्मीदवारों ने नामांकन कर दिया था, लेकिन किसी कारण वश नाम वापस लेना हो तो उसकी तारीख 2 जनवरी 2026 रखी गई थी। 3 जनवरी को जो उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, उनकी अंतिम सूची जारी हुई थी।

## ईरान को तुरंत छोड़ दें, जरूरी कागजात साथ रखें; MEA की भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी




भारत ने ईरान में जारी हिंसा और आंदोलन के बीच अपने नागरिक को लेकर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी करते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को तुरंत लौटने को कहा है। साथ ही सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्कता बरतने की सलाह दी है।ईरान में पिछले दो सप्ताह के अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके हैं।उपलब्ध साधनों से ईरान छोड़ने की अपील- विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ाने भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें।सतर्क रहने और संवेदनशील इलाकों से दूर रहने की सलाह सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। यात्रा दस्तावेज हमेशा रखें तैयार- ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें। सहायता के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क- विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले 5 जनवरी को जारी एडवाइजरी में भी भारत सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था। साथ ही ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों को पूरी सावधानी बरतने और विरोध-प्रदर्शन वाले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई थी। ईरान के प्रधान न्यायाधीश ने सरकार विरोधी राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के खिलाफ त्वरित सुनवाई और फांसी की सजा का संकेत दिया है। वहीं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 2,572 हो गई है। अमेरिका स्थित 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी' ने बताया कि बुधवार सुबह तक मृतकों की संख्या बढ़कर 2,571 हो गई थी। यह आंकड़ा दशकों में ईरान में हुए किसी भी विरोध प्रदर्शन या अशांति में हुई मौतों की संख्या से कहीं अधिक है और देश की 1979 की इस्लामी क्रांति के दौरान फैली अराजकता की याद दिलाता है। मृतकों की संख्या की जानकारी मिलने के बाद, ट्रंप ने ईरान के नेताओं को चेतावनी दी कि वह किसी भी प्रकार की बातचीत समाप्त कर रहे हैं और ''कार्रवाई करेंगे।'

## माघ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, लाखो लोगों ने किया स्नान



प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को सुबह से ही संगम पहुंचने वाले सभी मार्गों पर भीड़ देखी गई। एंट्री प्वॉइंट पर ही वाहनों को रोक दिया गया गया है।माघ मेले के सेक्टर छह में स्थित मुलायम सिंह यादव संस्थान शिविर में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी आज शाम को पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी में जुटे हैं। यह आयोजन पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो मुलायम सिंह यादव के प्रति उनके सम्मान और श्रद्धांजलि को दर्शाता है। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने माघ मेले 2026 में पहुंचकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि साल में एक बार आने वाले इस मेले में उन्हें इस पवित्र भूमि पर घूमने का सौभाग्य मिलता है, जिसका एहसास शब्दों में बयां करना मुश्किल है। राजपाल यादव ने बताया कि वह हर साल माघ मेले में आते हैं और इस अनुभव का आनंद लेते हैं। सुरक्षा इंतजामों पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा, %पूरे मेला क्षेत्र को सेक्टरों में बांटा गया है, और लगभग 12,000 फीट लंबे घाट तैयार किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हर घाट पर वॉटर पुलिस के साथ-साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आरएएफ की टीमें तैनात की गई हैं। घाटों पर पर्याप्त चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में पुलिसकर्मी ड्यूटी पर हैं, और सफाई कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है।%मेला क्षेत्र में लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग पैदल मेला क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। मेला क्षेत्र के एंट्री पॉइंट पर वाहनों को रोक दिया गया है। सिर्फ दो पहिया पास वाले वाहन ही आ पा रहे हैं। पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। घाट पर लोगों के स्नान करने का क्रम जारी हैं।माघ मेले में मकर संक्रांति पर भीड़ उमड़ रही है। भोर में 4:00 बजे से 12:00 तक 50 लाख लोगों के स्नान करने का मेला प्रशासन ने दावा किया है।माघ मेले में मकर संक्रांति पर उमड़ी भीड़ के मद्देनजर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ जल पुलिस टीमें सक्रिय हो गई हैं। घाटों की लगातार निगरानी की जा रही है। घाटों पर गहराई वाले स्थानों को चिन्हित कर संकेतक लगाए गए हैं। गई है।

संपादकीय Editorial

## If a 500% tariff is imposed…

US President Trump has opened multiple fronts simultaneously. He is intent on enslaving smaller countries like Cuba, Colombia, and Greenland and turning them into US colonies, thus threatening to invade them like he did in Venezuela. US aircraft and warships are hovering around Iran, and there are reports of the deadly Delta Force being deployed. However, the US knows that Iran is not a weak country. Iran is a military power, capable of launching devastating attacks on US cities like Washington and New York with nuclear-capable missiles. The US Senate has passed a resolution against President Trump by a majority vote, which clearly means that Trump cannot attack any country or order the military to go to war without the permission of the US Congress. Yet, President Trump continues to threaten and intimidate the world on various fronts. These are signs of a quasi-dictatorship. He has approved a bill imposing sanctions on Russia, which could be introduced in Parliament this week. If passed, this bill is sure to create economic chaos. The bill clearly stipulates that the US can impose a 500% tariff on any country that purchases oil, gas, and other products from Russia. This means that any goods from those countries entering the US market will be subject to an additional 500% tariff. President Trump has his evil eyes on India, China, and Brazil. India has purchased crude oil worth ?1.73 lakh crore from Russia in the past four years. India still buys 30-32% of its oil needs from Russia. China buys up to 48% of its oil from Russia. European Union countries purchase the most pipeline gas from Russia. The US also buys the most uranium from Russia. Why aren't there sanctions against them? Why aren't European countries threatened with tariffs of up to 500%? Why do Japan, South Korea, and Turkey have much lower tariffs than India? The India-US trade agreement that was supposed to be signed fell through because Prime Minister Modi didn't call President Trump. As a result, the US signed trade agreements with Indonesia, Vietnam, and the Philippines. This statement by US Commerce Secretary Howard Lutnick seems ridiculous, given that Prime Minister Modi and President Trump have spoken by phone eight times since 2025. India's Ministry of External Affairs has also confirmed this. However, the issue is the 500% tariff. India currently faces a 50% tariff, which has severely impacted our exports. It is detrimental to be complacent about the possibility that our economic growth rate will ultimately remain above 7%. If a 500% tariff is imposed, the average Indian shirt will cost more than ?5,400 in the US market, compared to ?1,352 currently. A large portion of India's textiles and readymade garments go to the US. If Indian clothes become so expensive, buyers may turn to other countries. This single example alone illustrates the impact on Indian production and the number of jobs lost! India is called the "pharmacy of the world" because it produces the most quality medicines. The United States is the largest market for our medicines. President Trump has threatened to impose tariffs on pharmaceuticals as well. Similarly, increasing tariffs will impact Indian auto, auto parts, IT, and tech sector exports, significantly reducing our demand in the US market. Anticipating such a situation, India is forced to look towards China. If trade with China is renewed, we will have to lift restrictions on their apps and companies. China will want to build dams in India and increase its involvement in the IT and infrastructure sectors. Then, how and when will India become self-reliant?

# Trump Endangers the World, the US President Is Full of Arrogance

**US President Donald Trump's aggressive foreign policy and attack on Venezuela are analyzed. This exposes the US's intention to kidnap Maduro and seize oil reserves. Trump also wants to annex Greenland and is threatening heavy tariffs on countries buying oil from Russia, which will also affect India. This article describes Trump's arrogance and disregard for international rules as a threat to global peace.** The US attack on Venezuela, the kidnapping of President Maduro, Trump's ambitious plan to annex Greenland, and the threat of a 500% tariff on countries buying oil from Russia. In an unexpected development as the New Year dawned, the US military attacked Venezuela and abducted President Nicolas Maduro and his wife and brought them to the United States. Initially, US President Donald Trump linked this incident, which shocked the world, to the alleged narcotics terror being perpetrated under the Venezuelan president's protection, but it soon became clear that the primary objective of this attack was to seize Venezuela's oil reserves. Venezuela has the largest reserves of crude oil in the world. The way Trump announced that the US would now sell Venezuela's oil and that the interim president would have to cooperate with him clearly demonstrates that the US president has resorted to bullying. He is flouting international norms, including the UN Charter. It was unimaginable that the US, which claims to champion democracy, would kidnap a country's president, but under Trump's leadership, the US did just that. This is theft and arrogance. The US has engaged in such activities before. Since World War II, it has attacked or orchestrated coups in numerous countries to satisfy its narrow interests. It has suffered numerous setbacks in these attempts, but it remains unwilling to learn its lesson. The US was defeated in Vietnam. Subsequently, in Afghanistan, Iraq, and Libya, it failed to achieve what it claimed to have achieved when it invaded these countries. It has been a total failure in these countries. The consequences of this failure have been seen in these countries as instability and unrest. Many countries around the world condemned the US attack on Venezuela, but there were also those who supported Trump's military action or remained silent. Because the US is a major economic and military power, no country is in a position to oppose it beyond a certain limit. Trump is taking advantage of this and acting arbitrarily. One reason for his unbridledness is that Russia, which could challenge him, is embroiled in the Ukraine war. Russia's attack on Ukraine nearly four years ago was also arbitrary. It seems this action gave Trump the opportunity to act arbitrarily. Now, he is unbridled. After the attack on Venezuela, he is talking about annexing Greenland, a Danish autonomous territory. Greenland is the world's largest island. Trump wants to annex Greenland under the pretext that Russia and China are eyeing it. He argues that Greenland should be part of the US to protect American interests. Greenland has immense natural resources that have not yet been exploited. The US has previously held the view that Greenland should come under its control in the same way Alaska came under its control. Trump is not only talking about occupying it through military action but also about buying it. Although the people there are protesting, he remains unconcerned. He is not even concerned about the displeasure of European countries, including Denmark, while he claims that the future of NATO is in danger. Trump's arrogance is evident from his statement that only he can stop his aggression and that no international rules and regulations matter in the face of American interests. This is a dictatorial attitude. Trump is pursuing an aggressive strategy because the US economy is going through a bad phase. To revive it, he has increased tariffs on goods imported into the US. He claims that his tariff policy has increased US revenue, but the truth is different. Trump is also frustrated because the dollar's dominance is weakening. The dollar's dominance began to grow when the US entered into an agreement with Saudi Arabia in the 1970s to trade oil in dollars. This benefited the US and increased its dominance, but in recent years, it has been eroded. The reason for this is that many countries around the world trade in currencies other than the dollar. Countries like Russia, Venezuela, and Iran are selling their oil in currencies other than the dollar. Many countries, fed up with the United States, are looking for ways to trade in currencies other than the dollar. Trump is not happy with this. He believes he can force the world to trade in dollars by intimidating them, but it wouldn't be surprising if the opposite results occur. Trump recently approved a bill that would allow him to impose a 500 percent tariff on countries that buy oil from Russia. These countries include China, India, and Brazil. Trump believes that countries that buy oil from Russia are helping Russia continue its war against Ukraine. If Trump actually imposes a 500 percent tariff on countries that buy oil from Russia, it will increase the difficulties for other countries, including India. Trump has already imposed the highest 50 percent tariff on India. A 50% tariff has been imposed. 25% of this is due to the failure to reach a trade agreement and 25% due to purchasing oil from Russia. Trump calls Prime Minister Modi a great leader and his friend, but he does not hesitate to use abusive language against him. He is doing this because Modi is not ready to bow down to his arbitrariness. Trump, through his arbitrariness, is busy dismantling the international order established after the Second World War. Due to his arbitrariness, the United Nations has become irrelevant. Although many well-known people in America are warning that America will have to suffer the consequences of his arbitrariness even after he is removed from power, but he is not ready to listen to anyone.

# New Tests Under the New President

Nitin Naveen is taking over the BJP's organizational leadership at a time when the party is at its political peak, and this is also its biggest test. It's not easy to simultaneously achieve tasks like winning elections, strengthening the organization, maintaining coherence between the government and the party, balancing ideological partnerships, and strengthening the foundation for 2029. The new year brings new challenges for the ruling BJP. This year will also be the first major test for the new president, Nitin Naveen. This test will be seen in the assembly elections in Bengal, Assam, Tamil Nadu, Kerala, and Puducherry. Each of these states represents a different trend in the party's prospects. The BJP's expansion in Bengal over the past decade is a landmark in Indian politics. Once considered irrelevant in this state, the party has now become the state's main opposition force. However, state power still eludes it. Mamata Banerjee is not only a popular Chief Minister but also a seasoned political warrior. She possesses deep experience in administration, organization, and emotional politics. In this context, the BJP's challenge in Bengal lies not in ideological penetration, but in organizational maturity. Factionalism, leadership competition, and the balance between old guard and new faces—all these issues could slow the BJP's progress. For Nitin Naveen, victory in Bengal will mean more than simply gaining power; it will also mean building an organization that remains active, disciplined, and connected to the people between elections. If the BJP comes to power in Bengal, it will be a historic achievement, but even if it contends with a strong organization and a stable vote base, it will be a decisive investment for the future. The BJP's challenge in Tamil Nadu and Kerala is different. Here, politics is not just a game of power, but deeply intertwined with identity, culture, and social structure. The strong legacy of Dravidian politics in Tamil Nadu and the social base of the Left and the Congress in Kerala pose no easy challenge for the BJP. Here, Nitin Naveen will have to avoid haste and adopt a long-term expansion strategy. Alliances, social dialogue, and the development of local leadership—all these factors will be crucial. The picture is different in Assam. The BJP is in power there, and the challenge is to retain it. Good governance, stability, and fulfilling local aspirations will be impossible without Nitin Naveen's organizational support. The BJP's performance in these states will reveal whether the party is capable of becoming a pan-Indian force, not just limited to North and West India. The BJP's second major challenge is maintaining strong coordination between the government and the organization. The Modi government's plans and achievements can only translate into political power if the organization can explain them in the language of the people. Government schemes may be effective on paper, but their political impact is visible only when the people connect them to their lives. Nitin Naveen must ensure that every BJP worker becomes an effective purveyor of government policies, not just an agent active during elections. It is equally important that the organization conveys public dissatisfaction and grassroots problems to the government. The biggest danger for parties that remain in power for long periods is that they become disconnected from ground realities. The third major challenge involves organizational restructuring and generational change. Nitin Naveen's appointment itself symbolizes this change, but implementing it across the entire organization is much more difficult. It is essential to bring forward young and capable leaders, but without undermining the experience and contributions of senior leaders. Organizational change often breeds dissatisfaction and insecurity. In such a situation, Nitin Naveen must send a clear message that performance, not position, is the most important criterion in the BJP. He must also ensure that the organization's decentralized structure is not weakened. State units should have the freedom to make decisions based on local circumstances, but national direction and discipline must not be compromised. The relationship between the BJP and the Rashtriya Swayamsevak Sangh is very unique. In recent years, there have been some discussions of distance in this relationship. Nitin Naveen's role is to strike a balance. Coming from an organizational background, Nitin Naveen understands the Sangh's work culture well. His challenge is to maintain a balance between the Sangh's ideological expectations and the BJP's electoral practicalities. Among these challenges, a crucial point is the preparation for the 2029 Lok Sabha elections. The BJP must shift its narrative from past achievements to future aspirations. Special attention must be paid to youth, new voters, and areas where the party is still expanding. It will also be essential to maintain the NDA's strength and resilience. Balance with regional parties, space for potential new allies, and trust with old allies will be crucial to the success of 2029. Nitin Naveen's role here is to bridge the gap. He is taking over the BJP's organizational leadership at a time when the party is at its political peak, and this is also its biggest test. It is not easy to simultaneously achieve tasks like winning elections, strengthening the organization, maintaining cohesion between the government and the party, balancing ideological partnerships, and strengthening the foundation for 2029.

# शीतलहर ने पैदा की ठिठुरन, मौसम विभाग का अनुमान...पाला भी कर सकता है सितम

मुरादाबाद। तापमान में गिरावट से मुरादाबाद सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जनजीवन ठिठुर रहा है। सोमवार की रात कड़ाके की ठंड और ठिठुरन रही। मंगलवार को दोपहर में धूप निकलने से राहत रही। हालांकि शाम को फिर गलन बढ़ गई। अगले कुछ दिनों में शीतलहर और पाला पड़ने की संभावना भी मौसम विभाग की ओर से जताई गई है।पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवा की दिशा पुन: परिवर्तित होकर उत्तरी पश्चिमी होने से बीते 24 घंटों के दौरान पूर्वांचल के कुछ हिस्सों को छोड़कर प्रदेश के शेष भाग में दिन और रात के तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट रही। परिणाम स्वरूप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से नीचे चले जाने से शीतलहर और बढ़ गई। आगामी 48 घण्टों के दौरान इसमें कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद एवं रुहेलखण्ड मंडल के जिलों में कहीं आज और कल की रात शीतलहर चलने के साथ पाला पड़ने की भी संभावना है। उसके बाद तापमान में क्रमिक वृद्धि से इसके समाप्त हो जाने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। यद्यपि इस दौरान प्रदेश के उत्तरी तराई इलाकों में कहीं कहीं सुबह भोर के समय घने कोहरे के साथ दक्षिणी भाग में पड़ने वाले हल्के से मध्यम कोहरे के दिन चढ़ने के साथ तेजी से छंट जाने से दिन में धूप निकलने से ठंड से मिली राहत जारी रहने की संभावना भी है।



# संभल हिंसा मामला : एएसपी अनुज चौधरी सहित 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के आदेश




संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा में गोली लगने से घायल एक युवक के मामले में अदालत ने तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी व कोतवाल सहित 15-20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा है कि पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं करेगी बल्कि कोर्ट में अपील करेगी। अनुज चौधरी वर्तमान में फिरोजाबाद में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हैं।नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला खग्गू सराय निवासी यामीन ने 6 फरवरी 2024 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था कि उसका बेटा आलम 24 नवंबर को सुबह 9-45 बजे जामा मस्जिद के नजदीक पहुंचा तो वहां भीड़ जमा थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी संभल अनुज चौधरी और इंस्पेक्टर अनुज तोमर व 15-20 अन्य पुलिस कर्मियों ने अचानक भीड़ पर गोलियां चला दी शुरू कर दीं। आलम जान बचाने के लिए भागा तो पुलिस की दो गोली पीठ में और एक हाथ में लगी। संभल में डॉक्टरों ने मना कर दिया तो मुरादाबाद व अलीगढ लेकर गया। वहां भी डॉक्टरों ने भर्ती नहीं किया तब मेरठ में इलाज कराया।पुलिस ने अदालत को सौंपी अपनी जांच रिपोर्ट में कहा था कि इस मामले में थाने पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। इसके साथ ही आलम का इलाज करने वाले डॉक्टर के बयान व अन्य तथ्य भी अदालत के सामने रखे थे। बहरहाल अदालत ने आदेश दिया कि प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 1734 बीएस से स्वीकार किया जाता है। थाना अध्यक्ष संभल को आदेशित किया कि मामला पंजीकृत कर विवेचना कराई जाए। सूचना न्यायालय के समक्ष 7 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। अनुज तोमर इस समय कोतवाली चंदौसी के प्रभारी निरीक्षक हैं। पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि संभल हिंसा के मामले में न्यायिक जांच पहले ही हो चुकी है। जिन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोर्ट ने आदेश किया है उनकी जांच पूरी हो चुकी है। इसलिए हम इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं करेंगे और इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में अपील करेंगे।


# रक्षा मंत्री से मिले मंडलायुक्त... महापौर और नगर आयुक्त



नगर निगम मुरादाबाद द्वारा निर्माणाधीन त्रिशूल रक्षा संग्रहालय के उद्घाटन समारोह निमंत्रण के लिए महापौर विनोद अग्रवाल, मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर नगर निगम द्वारा आयोजित दीपोत्सव ड्रोन शो के दौरान दिखाए ऑपरेशन सिंदूर का इलेक्ट्रॉनिक फ्रेम व नगर निगम का कैलेंडर भी रक्षा मंत्री को भेंट किया गया। ऑपरेशन सिंदूर फ्रेम पर रक्षा मंत्री ने हर्ष व्यक्त किया। महापौर विनोद अग्रवाल ने नगर निगम के कार्यों की जानकारी रक्षा मंत्री को दी।मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने त्रिशूल रक्षा संग्रहालय, संविधान साहित्य वाटिका, हनुमान वाटिका, राणा सांगा स्मारक समेत सांस्कृतिक राष्ट्रवाद थीम पर निगम के ऐतिहासिक कायाकल्प करने का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिस पर रक्षा मंत्री ने सराहना की। बताया गया कि इन कार्यों की चर्चा उच्च स्तर पर पहले से है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने रक्षा मंत्री के समक्ष त्रिशूल संग्रहालय के बारे में विस्तार से प्रेजेंटेशन दी और उद्घाटन की तिथि 19 फरवरी प्रस्तावित करने के पीछे का उद्देश्य भी स्पष्ट किया।

बताया कि 19 फरवरी को नौ सेना के जनक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती होने के चलते यह सबसे उचित दिन रहेगा। रक्षा मंत्री को मंडलायुक्त ने बताया कि नगर आयुक्त ने इस रक्षा संग्रहालय के तेज गति से पूर्ण करने और अपनी टीम को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्घाटन तक अपनी दाढ़ी न बनाने का संकल्प ले रखा है। ऐसे संकल्पित कर्तव्यनिष्ठा और शासकीय कार्य के प्रति ऐसे समर्पण की रक्षामंत्री ने मुक्त कंठ से सराहना की।

# शिवालिक आवासीय योजना में शासन से 200 करोड़ की द्वितीय किस्त स्वीकृत



मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण / नई शहरी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा शिवालिक आवासीय योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के प्रथम चरण में ग्राम डिडौरा, डिडौरी एवं रसूलपुर सुनवाती में भूमि क्रय की कार्रवाई प्राधिकरण द्वारा की जा रही है। इस योजना में शासन से ? 200 करोड़ की द्वितीय किस्त स्वीकृत होने से इसको और गति मिल गई है।मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अद्यतन स्थिति के अनुसार लगभग 81 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है। शिवालिक योजना के प्रथम चरण में भूमि क्रय के लिए शासन द्वारा द्वितीय किस्त के रूप में ? 200 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति सोमवार को मिली।शासन से प्राप्त इस वित्तीय स्वीकृति से शिवालिक योजना के अंतर्गत सड़क, जलापूर्ति, सीवर, विद्युत व्यवस्था, हरित क्षेत्र एवं अन्य नागरिक सुविधाओं के विकास कार्यों को गति मिलेगी। यह योजना महानगर के सुव्यवस्थित एवं नियोजित विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के नेतृत्व में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा शिवालिक योजना को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से क्रियान्वित किए जाने करने की तैयारियां हैं। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि प्राधिकरण का उद्देश्य है कि शिवालिक योजना के माध्यम से नागरिकों को आधुनिक एवं बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा शहर के समग्र एवं संतुलित विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

# आरडीए ने 20 बीघा जमीन पर हुई अवैध प्लाटिंग कर बने मकान और बाउंड्री गिराई



अजीम नगर थाना क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर आरडीए ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। 20 बीघा अवैध प्लाटिंग पर बने मकान बाउंड्री और रास्तों को उखाड़ दिया गया। विभाग की कार्यवाही से क्षेत्र में प्लाटिंग करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।मंगलवार दोपहर आरडीए की टीम मौके पर पहुंच गई। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल के अलावा फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौजूद थी। दो जेसीबी को बुलाने के बाद विभाग ने तोड़फोड़ की कार्यवाही शुरू की। सबसे पहले 20 बीघा अवैध प्लाटिंग की चारदीवारी तोड़ी गई। उसके बाद जेसीबी से एक नए आलीशान मकान को तोड़ दिया गया। तोड़ा गया मकान चुनाव कार्यालय बताया जा रहा है। उसके बाद प्लाटिंग में आरसीसी रोड को भी उखाड़ दिया गया। करीब 3 घंटे तक आरडीए की टीम मौके पर तोड़फोड़ करती रही। मौके पर मौजूद अधिकारियों का आरोप था कई बार नोटिस के बाद भी जवाब नहीं दिया गया है। बिना परमिशन के प्लाटिंग का आरोप लगाते हुए अधिकारियों ने आरोपियों पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही। तोड़फोड़ के दौरान स्वार रोड पर लोगों की भीड़ लग गई। किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। उधर प्लाटिंग पर बने मकान मालिक ने विभाग पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। रामपुर विकास प्राधिकरण के ओएसडी विकास वर्मा ने बताया अवैध प्लाटिंग को तोड़ा गया है। प्लाटिंग पर बनी बाउंड्री और मकान को भी गिरा दिया गया है।

# छेड़खानी का केस दज...'लाइनमैन ने दी जान, अवैध संबंध हुए उजागर, पुलिस जांच में यह भी खुलासा

बिजली विभाग में संविदा पर तैनात लाइनमैन का शव पेड़ से लटका मिला। इससे उसके परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मामला अवैध संबंध से जुड़ा बताया जा रहा है। सैफनी क्षेत्र के रूपपुर गांव में बिजली विभाग के लाइनमैन का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। आरोप है कि उसके एक महिला से संबंध थे, उसने रविवार को लाइनमैन के खिलाफ छेड़खानी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी से परेशान होकर उसने जान दे दी।लाइनमैन के पिता ने थाने में तहरीर देकर महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं मृतक की पत्नी ने भी महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए पति की हत्या की आशंका जताई है। पत्नी का कहना है कि महिला उसके पति पर लगातार मानसिक दबाव बना रही थी।सोमवार सुबह ग्रामीण गन्ने की फसल काटने गांव के पास खेत में गए तो एक पेड़ से युवक का शव लटक रहा था। उसकी गर्दन में मफलर से फंदा लगा था। पास जाकर देखा तो पता चला कि शव गांव निवासी भान सिंह (35) का है। ग्रामीणों ने परिजनों और थाना पुलिस को जानकारी दी। भान सिंह बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैन था और वर्तमान में रवाना पट्टी के बिजलीघर में तैनात था। परिजनों के अनुसार वह रविवार शाम करीब चार बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। मोबाइल बंद होने पर परिजन पूरी रात परेशान रहे। आसपास में भी तलाश किया। रिश्तेदारों में फोन कर जानकारी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अवैध संबंध से जुड़ा बताया जा रहा मामला- पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला अवैध संबंध से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। भान सिंह के पड़ोसी गांव की एक महिला से दो साल से संबंध थे। इसी को लेकर पिछले काफी समय से पत्नी से तनाव बना हुआ था। उसकी पत्नी सुमन ने बताया कि कि महिला उसके पति पर लगातार मानसिक दबाव बना रही थी और उसे ब्लैकमेल भी कर रही थी। परिजनों के मुताबिक घटना से एक दिन पहले ही महिला ने भान सिंह के खिलाफ सैफनी थाने में छेड़खानी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# सर्दी और कोहरे ने बढ़ाई टमाटर की तपिश, खुदरा बाजार में 60 रुपये किलो तक पहुंचे दाम

कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे ने लोगों की रसोई का स्वाद बिगाड़ दिया है। मौसम की मार के चलते टमाटर की कीमतों में अचानक तेज उछाल देखने को मिल रहा है। थोक बाजार में 50 रुपये और खुदरा बाजार में टमाटर के दाम 60 रुपये प्रति टमाटर की आवक प्रभावित होने के कारण स्थानीय की थोक सब्जी मंडी में टमाटर की आपूर्ति कम उठाना पड़ रहा है। इसका सीधा असर खुदरा बाजार चुकाने पड़ रहे हैं। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार, करते थे, वे अब दाम देखकर आधा किलो या एक सर्दियों के मौसम में सब्जियों के दाम गिर जाते हैं, जनता की परेशानी बढ़ा दी है। खासकर मध्यम वर्ग लिए यह महंगाई जेब पर भारी पड़ रही है। टमाटर बढ़ते दामों ने लोगों को इसके इस्तेमाल में कटौती का कहना है कि बादल और कोहरे के चलते टमाटर को पकने में अधिक समय लगता है, वहीं हो पा रहा है। जिले में सबसे अधिक टमाटर मध्य मौसम खराब होने के कारण आवक कम हो गई है। बताया कि सप्लाई कम होने से रोजाना दाम बदल



किलो तक पहुंच गए हैं। बाहर की मंडियों से बाजारों में इसकी कमी हो गई है। नवीन मंडी होने से व्यापारियों को महंगे दामों पर माल पर पड़ रहा है, जहां ग्राहकों को महंगे दाम जो ग्राहक पहले दो किलो टमाटर खरीदा किलो लेकर ही लौट रहे हैं। आमतौर पर लेकिन इस बार टमाटर की महंगाई ने आम और रोजमर्रा की कमाई पर निर्भर परिवारों के के बिना कई व्यंजन अधूरे लगते हैं, लेकिन करने पर मजबूर कर दिया है। सब्जी विक्रेताओं टमाटर की फसल प्रभावित हुई है। सर्दियों में कोहरे की वजह से फल ठीक से लाल नहीं प्रदेश के शिवपुरी से आता है, लेकिन वहां भी मकबरा सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेता नदीम ने रहे हैं, जिससे व्यापार करना भी मुश्किल हो गया है। वहीं, गोविंदनगर सब्जी मंडी के सब्जी विक्रेता दिनेश का कहना है कि जब तक मौसम साफ नहीं होगा और बाहर की मंडियों से आवक सामान्य नहीं होगी, तब तक टमाटर के दामों में राहत मिलने की उम्मीद कम है। फिलहाल सर्दी और कोहरे के बीच टमाटर की महंगाई आम लोगों की चिंता बढ़ाए हुए है।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# डीएम की अध्यक्षता में दशम वेट्रेन्स दिवस के अवसर पर जिले की वीरनारियों एवं वीरता एवं विशिष्ट पदक विजेताओं का किया अभिनन्दन सैनिकों , आश्रितों की सहायतार्थ हेतु सदैव तत्पर हैं-जिलाधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में दशम वेट्रेन्स दिवस के अवसर पर जनपद की वीरनारियों एवं वीरता एवं विशिष्ट पदक विजेताओं का अभिनन्दन कार्यक्रम कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र आपके बलिदान के लिए सदैव ऋणी रहेगा और बरेली प्रशासन समस्त पूर्व सैनिकों/आश्रितों की सहायतार्थ सदैव तत्पर है तथा जिलाधिकारी कार्यालय व आवास के दरवाजे हमेशा खुले हैं कोई भी पूर्व सैनिक कभी भी अपनी समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वीरनारियों ऊषा रानी, पंकज, उमा पाण्डेय, सुहागा देवी, सन्तोष कुमारी, सुनीता शर्मा, सुशीला व अनूप कुमार खन्ना व वीरता एवं विशिष्ट पदक विजेता हवलदार गंगा सहाय, शौर्य चक, आर्नरी फ्लाइंग ऑफीसर सोहन लाल पाल, वायु सेना मेडल, नायक धारा सिंह, सेना मेड ल, नायक ओमपाल, सेना मेडल आदि सैनिकों को शाल, प्रशस्त्रि पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) संतोष कुमार सिंह, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर सतीश कुमार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।







# जिलाधिकारी ने 15 लाभार्थियों को वितरित किए नि:शुल्क एग एवं चिकन कार्ट, पोल्ट्री व्यवसाय को बढ़ावा देने का निर्देश।

क्यूँ न लिखूँ सच/अरविंद कुमार / एंकर -जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बुधवार को पशु चिकित्सालय सदर पहुंचकर जनपद के 15 लाभार्थियों को नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी एवं पशु पालन विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से नि:शुल्क एग एवं चिकन कार्ट वितरित किए। यह पहल पोल्ट्री व्यवसाय की वृद्धि एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अंडा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को पोल्ट्री फार्म खोलने के लिए प्रेरित करने तथा अंडा उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में अंडे की मांग के अनुपात में उत्पादन कम है, इसलिए जिले को अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। पशु पालन विभाग की कुक्कुट पालन योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अधिक लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा, जिलाधिकारी ने मौजूदा पोल्ट्री फार्म संचालकों को अपनी क्षमता बढ़ाकर आय वृद्धि करने की सलाह दी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. पी.के. त्यागी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




# साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्राओं को किया गया थाना अमरिया में जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच/अरविंद कुमार / पीलीभीत अमरिया सुचेतना समाज सेवा संस्था के आशादीप सेंटर अमरिया द्वारा उड़ान परियोजना के माध्यम से किशोरियों के लिए एक दिवसीय एक्सपोज़र विजिट थाना अमरिया,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरिया,ब्लॉक अमरिया,भारतीय स्टेट बैंक अमरिया मे कराया गया एक्सपोज़र विजिट के माध्यम से किशोरियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत साइवर अपराध,साइवर अरेस्ट,एवं फेसबुक,इंस्टाग्राम के जरिये किशोरियों के फोटो व वीडियो का गलत तरीके से इस्तेमाल करना साथ हीं रिपोर्ट लिखने कि जानकारी और किशोरी व महिलाओ के लिए चलाये जा रहे कानूनी टॉल फ्री नंबरों के बारे में थाने के उपनिरीचक श्री राजेश कुमार जी व प्रीति जी द्वारा किशोरियों को जानकारी दी गई इश्के आलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे सभी विभागों कि जानकारी प्राप्त कि गई तथा स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक श्री उपेंद्र कुमार जी द्वारा सभी प्रकार के बैंक खातों,व बैंक द्वारा चलाये जा रहे सोशल बीमा कि जानकारी दी गई व ब्लॉक अमरिया मे किशोरियों को टेबल बार जानकारी ब्लॉक के अधिकारियो द्वारा दी गई इस एक्सपोज़र विजिट कार्यक्रम मे परियोजना कम्युनिटी मोबिलाइज़र अशोक कुमार बाबूराम उषा वर्मा किरशन कुमार समेत दस गांव कि 45 किशोरियों ने भाग लिया







# ग्राम पंचायतों में उपसरपंचों के निर्वाचन हेतु सम्मिलन 16 जनवरी को

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा / शिवपुरी। जिले के विकासखण्ड शिवपुरी, कोलारस, बदरवास, पोहरी, नरवर, करैरा, पिछोर एवं खनियाधाना की ग्राम पंचायतों में उपसरपंचों के निर्वाचन हेतु सम्मिलन 16 जनवरी को आयोजित किए जाएगें। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 17 की उप धारा (5) में ग्राम पंचायत के उपसरपंच के निर्वाचन संबंधी प्रावधान दिये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने मध्यप्रदेश पंचायत (उप सरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 एवं पंचायत निर्वाचन 2020 की मार्गदर्शिका के तहत ग्राम पंचायत के उप सरपंच के निर्वाचन के लिए उपखण्ड अधिकारी (राजस्व), सक्षम प्राधिकारी घोषित किया है। सक्षम प्राधिकारी उपसरपंच का निर्वाचन करने के लिए ग्राम पंचायत का सम्मिलन बुलायेगा और उपधारा (7) के उपबंधो के अधीन रहते हुये, इस प्रकार बुलाये गये सम्मिलन में निर्वाचित पंचों में से जो सहकारी सोसायटी के सभापति या संसद के किसी भी सदन का सदस्य या राज्य विधान सभा का सदस्य नहीं है, एक उप सरपंच का निर्वाचन किया जायेगा। संविधान की (पांचवी अनुसूची) अनुसूची क्षेत्रों में सरपंच या अध्यक्ष के समस्त पद अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित हैं। यदि ग्राम पंचायत का सरपंच अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों या पिछड़े वर्गों का नहीं है, तो उपसरपंच ऐसी जातियों या ऐसी जनजातियों या ऐसे वर्गों के पंचों में से निर्वाचित किया जाएगा। आयोग के संदर्भित पत्र में उल्लेखित अनुसार पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध ) में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 5 जनवरी 2026 को हो जाने एवं जिले में पूर्व से उपसरपंच के पद रिक्त हो तो उन पदों को वर्तमान के रिक्त पदों में सम्मिलित करते हुये रिक्त उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु निर्वाचित पंचो का सम्मिलन 16 जनवरी 2026 को बुलाए जाने के निर्देश दिये गये है। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया है कि आपके क्षेत्रांतर्गत जिस ग्राम पंचायत में उपसरपंच का पद रिक्त हो वहाँ उपरोक्त नियम एवं प्रावधान अंतर्गत नियत दिनांक को सम्मिलन आहुत कर एवं सम्मिलन हेतु पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर, प्रत्येक पीठासीन अधिकारी को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाकर, उपसरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही पूर्ण कराई जाए एवं कृत कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें।

# करैरा पुलिस ने 90 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा / शिवपुरी। करैरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 90 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिंह छावई एवं उनकी टीम द्वारा लगातार मुखबिर तंत्र सक्रिय कर कार्रवाई की जा रही है। थाना करैरा पुलिस को 13 जनवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि इंदर कुमार जाटव निवासी सिरसौना, दो कट्टी शराब एवं एक मोटरसाइकिल के साथ जुझाई पुल के पास नर्सरी पर खड़ा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इंदर कुमार उर्फ इन्द्र पुत्र बारेलाल जाटव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सिरसौना मजरा कोंडरपुरा थाना करैरा बताया। उसके पास रखी दो प्लास्टिक की कट्टियों की जांच करने पर उनमें 90 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब पाई गई। आरोपी शराब के संबंध में कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 18 हजार रुपये मूल्य की अवैध शराब एवं 80 हजार रुपये कीमत की स्पेलेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक स्क्क 33 ष्ठ 2413 को विधिवत जप्त किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 33/26 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद छावई, सहायक उप निरीक्षक चरण सिंह, प्रधान आरक्षक डैनी कुमार सहित आरक्षक हरेन्द्र गुर्जर, राधेश्याम जादौन, सुरेन्द्र रावत एवं मत्स्येन्द्र गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।




## संक्षिप्त समाचार

# विवाह के 20 दिन बाद देवर ने किया दुष्कर्म, विवाहिता ने पति, देवर, सास पर दर्ज कराई रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। एक नवविवाहिता ने अपने देवर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। विवाहिता ने कहा कि पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो पति ने आत्महत्या की धमकी देकर चुप करा दिया। पीड़िता की तहरीर पर बारादरी थाने में आरोपी देवर, पति और सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कैंट थाना क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता ने बारादरी थाने में तहरीर दी। उसने प्रभारी धनंजय पांडेय को बताया कि उसका निकाह 11 दिसंबर को बारादरी इलाके के युवक से हुआ था। एक जनवरी को जब वह ससुराल में अकेली थी, तभी देवर जबरन घर में घुस आया और दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पति ने कराया चुप, शिकायत करने पर पीटा पति के आने पर महिला ने उसे घटना के बारे में बताया। हद तो तब हो गई जब पति ने भी उसका साथ नहीं दिया। पति ने आत्महत्या करने की बात कहकर उसे चुप करा दिया। पति, देवर और सास ने पुलिस से शिकायत करने पर विवाहिता की पिटाई कर दी। इसके बाद पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

# रोहिलखंड विश्वविद्यालय में किया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। सड़क सुरक्षा जागरूकता





माह कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक 13 जनवरी 2026 को महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के परिसर में हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस जांच संबंधी जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रोड सेफ्टी क्लब एवं एनएसएस इकाई, एमजेपीआरयू द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ. पवन कुमार सिंह एवं रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक डॉ. आशीष जैन के नेतृत्व में क्लब के सदस्यगण तथा एनएसएस के स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने तथा वाहन चलाते समय वैध ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखने की अपील की गई।

# जनपद के 17 ब्लैक स्पॉट पर जल्द होगा सुधार, मुख्य हाईवे पर 24 घंटे रहेंगे एम्बुलेंस और क्रेन

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद छत्रपाल सिंह की अध्यक्षता में बीते दिवस जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। सांसद ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से कहा कि मुख्य हाईवे पर एक एम्बुलेंस और एक क्रेन 24 घंटे उपलब्ध रहनी चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। वहीं निर्माणाधीन क्षेत्रों में पर्याप्त संकेतक चिह्न लगाने और जनता को जागरूक करने पर जोर दिया, ताकि दुर्घटना या वाहन में आग लगने की स्थिति में लोग सुरक्षित रूप से बाहर निकल सकें। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा ब्लैक स्पॉट को लेकर था। इस पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि जिले में अभी 17 ऐसे ब्लैक स्पॉट हैं, जहां सड़क सुरक्षा सुधार के काम प्रगति पर हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को इन सुधारात्मक कार्यक्रमों को शीघ्र पूरा करने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, हाईवे पर शराब की दुकानों के संकेतक हटाने और केवल मानक के अनुरूप दुकानों की अनुमति देने के निर्देश दिए । डीआईओएस डॉ. अजीत सिंह से 18 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चों को सुरक्षित वाहन चलाने के प्रति जागरूक करने को सप्ताह में एक बार बैठक आयोजित करने को कहा। सांसद ने बैठक के अंत में कोहरे के समय पेट्रोल पंप और टोल प्लाजा पर फॉग लाइट की व्यवस्था बढ़ाने, मार्ग किनारे छोड़े गए पशुओं को आसपास की गोशाला में भेजने और निराश्रित पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाने के निर्देश दिए। जिला गन्ना अधिकारी दिलीप सैनी को गन्ने की ट्रालियों पर रात के समय लाल कपड़ा या रिफ्लेक्टर टेप लगाने, परिवहन विभाग के अधिकारियों को स्कूली बसों का निरीक्षण करने और अवैध पार्किंग वाली बसों को हटवाकर उनकी उचित पार्किंग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। एडीएम नगर सौरभ दुबे, एसपी यातायात मो. अकमल खान आदि उपस्थित रहे।

# बागपत में पुरानी रंजिश में खूनखराबा, बदमाश अंकित कट्टा ने दो युवकों को मारी गोली, शराब पार्टी में वारदात

अंकित कट्टा और उसके साथियों ने मिलकर गौरव व नितिन के साथ मारपीट की। उसके बाद अंकित ने दोनों को गोली मार दी और फरार हो गया। पुलिस ने गौरव और नितिन को अस्पताल में हालत चिंताजनक है। बड़ौत पुरानी रंजिश में बदमाश अंकित साथियों ने दो युवकों को हमलावर वहां से भाग गए। का बड़ौत के निजी अस्पताल युवक की हालत चिंताजनक बावली गांव के अंकित उर्फ काफी समय से रंजिश चल में कई बार झगड़ा हो चुका नितिन, अंकित उर्फ कट्टा दिलीप विहार के साथ छह-किनारे स्थित रजबहे के किनारे पुरानी रंजिश को लेकर गौरव



भर्ती कराया है, जहां गौरव की स्थित बावली गांव में चल रही उर्फ कट्टा और उसके दो गोली मार दी। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने दोनों घायलों में उपचार कराया, जहां से एक देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। कट्टा और गौरव पक्ष में पिछले रही है, इसको लेकर दोनों पक्षों है। बताया कि बुधवार शाम निवासी बावली, गौरव निवासी सात युवक नेशनल हाईवे बैठकर शराब पी रहे थे। तभी और अंकित कट्टा में झगड़ा हो गया। इसके बाद अंकित ने गौरव और नितिन को गोली मार दी। गौरव के पेट और नितिन की कमर में गोली लगने से दोनों घायल हो गए। गोली चलते ही वहां पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अन्य युवक इधर-उधर भाग गए। सूचना मिलने पर आए पुलिसकर्मियों ने दोनों घायलों का निजी अस्पताल में उपचार कराया। वहां से चिकित्सकों ने गौरव को दिल्ली रेफर कर दिया। पुलिस ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी। साथ ही घायल गौरव, नितिन के परिवार वालों से जानकारी हासिल की। जांच अधिकारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही है। रात में शराब पीते समय दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। घटना की जांच की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कपसाड़ कांड: रूबी की तबीयत बिगड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने की जांच, ये बात निकलकर आई सामने

मेरठ के सरधना स्थित कपसाड़ गांव से अगवा की गई रूबी को बरामदगी के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं उसका अपहरण करने का आरोपी पारस सोम जेल में है। बुधवार को रूब की प्रकरण की पीड़िता रूबी की उसका ब्लड प्रेशर लो होने शुरू हो गया। इसके साथ पुलिसकर्मियों ने के डाक्टरों को इसकी डॉक्टरों की टीम ने रूबी एसिडिटी की बात के बाद अब उसकी हालत आराम कर रही है।बीती आठ रूबी का अपहरण हो गया रूबी को रुड़की स्टेशन से आरोपी पारस सोम को भी रविवार को कोर्ट में रूबी सोमवार को उसे परिजनों सीएमओ डा. अशोक वजह से रूबी को दिक्कत के डाक्टरों की टीम ने अब उसकी हालत में सुधार



तबियत खराब हो गई। कपसाड़ बुधवार को तबीयत बिगड़ गई। के साथ ही शरीर में दर्द होना ही पेट में भी दर्द हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना जानकारी दी। गांव पहुंची का परीक्षण किया तो गैस और निकलकर सामने आई। दवा देने में सुधार है और वह घर पर जनवरी को कपसाड़ गांव निवासी था। पुलिस ने दस जनवरी को तलाश लिया था। साथ ही मौके से गिरफ्तार कर लिया था। के बयान दर्ज हुए थे और के सुपुर्द कर दिया गया था। कटारिया ने बताया कि गैस की हो रही थी। सामुदायिक स्वास्थ्य उसकी जांच कर दवा दी है। है।यह है मामला सरधना थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में आठ जनवरी बृहस्पतिवार सुबह रूबी अपनी मां सुनीता के साथ गन्ने की छिलाई करने के लिए जा रही थी। गांव के बाहर रजबहे पर गांव के ही आरोपी पारस सोम ने रूबी का अपहरण कर लिया था। विरोध करने पर उसकी मां सुनीता की फरसे से सिर पर वार कर हत्या कर दी थी। पीड़ित परिवार अनुसूचित जाति से है। इसे लेकर प्रदेश की सियासत में गरमाई हुई है। विपक्ष ने इस मामले को मुद्दा बनाया बनाया हुआ है। वारदात के तीसरे दिन शनिवार देर शाम को पुलिस ने युवती रूबी को सकुशल तलाश कर आरोपी पारस सोम को रुड़की से गिरफ्तार कर लिया था।

# मोबाइल में गेम की लत से युवक की हालत बिगड़ी, अजीबोगरीब हरकतें करने पर अस्पताल में कराया भर्ती

मोबाइल की लत से युवक का मानसिक संतुलन खराब हो गया। अजीबोगरीब हरकतें करने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया है। परिजनों के अनुसार युवक मोबाइल फोन में कोई गेम खेलता था। नगर के बताया कि उनका बेटा अमृतलाल (20) को मोबाइल पर दिन भर कोई गेम खेलता रहता था। में निकल जाता। जहां घंटों बैठकर फोन चलाता था। गया। कभी भक्तिगीत गाता, कभी शायरी करता तो धीरे धीरे उसकी यह हरकतें बढ़तीं जा रहीं थीं। बेटे ले गए। बताया कि बेटा मजदूरी करता था। मोबाइल सीएचसी के डॉ कनिष्क माहुर ने बताया कि युवक प्रारंभिक इलाज कर घर भेज दिया था।एक साल से ने बताया कि बेटों को पांच साल पहले मोबाइल



सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी उमेश कुमार ने मोबाइल फोन की बुरी लत लग गई है। परिजनों के मना करने पर घर से दूर एक बाग बुधवार सुबह बेटे का मानसिक संतुलन बिगड़ कभी शोर मचाकर लोगों को बुलाने लगता। की अजीबोगरीब हरकतें देख परिजन सीएचसी की लत से उसका काम में भी मन नहीं लगा। की नींद पूरी न होने से समस्या हुई है। जिसका फोन पर गेम खेल रहा था युवक उमेश कुमार फोन दिलाया था। एक साल से फोन में पब्जी गेम खेल रहा था। उन्होंने बताया कि मोबाइल चलाते हुए बड़बड़ाता रहता था। परिजन मना करते तो फोन लेकर घर से बाहर निकल जाता था। परिजनों के दबाव में कुछ दिनों तक उसने फोन से कुछ दूरी बनाई। इसी बीच 15 दिन पहले जालौन के कोटरा निवासी युवक की बहन गायत्री की बीमारी से मौत हो गई। जिसके बाद वह फिर से दिन रात फोन में ही डूबा रहने लगा था।

# महिला कारोबारी से ठगी के 1.80 करोड़ रुपये 1800 खाते में गए, शातिरों ने 14 से 15 लेयर में भेजी रकम

कल्याणपुर निवासी महिला से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर अपराधियों ने ठगी की। महिला कारोबारी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हुई 1.80 करोड़ रुपये की ठगी की रकम 1800 बैंक खातों में भेजी गई है। साइबर क्राइम ब्रांच ने खातों को खंगालना शुरू कर दिया है। यह राशि 14 से 15 लेयर में ट्रांसफर हुई है, जिसकी कड़ियां जोड़कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में कारोबारी से संपर्क करने वाले शातिर का वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क ) कंबोडिया का मिला है, जिसकी और जानकारी के लिए इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर से सहयोग लिया जा रहा है।कल्याणपुर के इंद्रानगर निवासी महिला कारोबारी के पास कुछ माह पहले सोशल मीडिया अकाउंट में शेयर ट्रेडिंग का मैसेज आया। उसमें निवेश कर अच्छे खासे मुनाफे की जानकारी थी। महिला कारोबारी ने मैसेज को जैसे ही देखा। उनके मोबाइल पर एक लिंक आया। उस लिंक को खोलते ही साइबर अपराधियों ने उन्हें एक ग्रुप में जोड़ लिया। उनके पास मैसेज आने लगे। उन्होंने कुछ राशि निवेश की, जिसके बाद साइबर अपराधियों ने उसका मुनाफा दिखाया।महिला कारोबारी ने तीन महीने में और राशि लगा दी। दिसंबर 2025 में उन्होंने रुपये निकालने चाहे, लेकिन रकम नहीं निकली। साइबर अपराधियों ने रकम का 40 फीसदी और जमा करने की बात कही। महिला कारोबारी ने ठगी का अहसास होने पर साइबर क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर कराई। साइबर क्राइम ब्रांच थाने के प्रभारी सतीश चंद्र यादव ने बताया कि महिला के खाते को देशभर के करीब 1800 बैंक खातों में भेजा गया है। यह राशि 14 से 15 लेयर में भेजी गई है, जिसकी चेन कई बार टूटी है। इन चेन को जोड़कर जांच की जा रही है। इन खातों में 250 रुपये से लेकर एक लाख तक की राशि भेजी गई है। कुछ खाते म्यूल भी होने की संभावना है। महिला कारोबारी से संपर्क करने वाले शातिर के मोबाइल का वीपीएन नंबर कंबोडिया का निकला है। इसकी जांच कराई जा रही है।

# सराफा कारीगर की सिर कूंचकर हत्या, बाजार में फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

औरैया के लेडीज मार्केट स्थित हलवाई खाने में बुधवार शाम पांच बजे एक सराफा कारीगर की सिर कूंचकर हत्या कर दी गई। मंजिल पर वारदात को अभिषेक भारती और कोतवाली के फोर्स के पुलिस ने वजनदार चीज है। आसपास लगे पुलिस को दो संदिग्ध पहचान में जुटी है।मूल हुगली स्थित गांव (35) बीते पांच साल



बदमाशों ने घर की पहली अंजाम दिया। एसपी एएसपी आलोक मिश्रा साथ मौके पर पहुंचे। से हत्या की आशंका जताई सीसीटीवी कैमरे में दिखे हैं। पुलिस उनकी रूप से कोलकाता के श्रीरामपुर निवासी शहदुल्ला से शहर के लेडीज मार्केट स्थित हलवाई खाने में परिवार के साथ किराये के मकान में रहता था। यहां वह सोने-चांदी के आभूषण बनाने का काम करता था। बुधवार शाम पांच बजे कोतवाली पुलिस को घर की पहली मंजिल पर कारीगर का शव पड़े होने की जानकारी मिली। सूचना पर कोतवाल राजकुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वहां शहदुल्ला का शव जमीन पर पड़ा मिला। शव के पास से पुलिस ने खून से सना चाकू और लोहा निहाई (ठोस लोहा) बरामद की है। घटनास्थल पर खाना, तीन गिलास और शराब के क्वार्टर भी पड़े मिले। मामले में पुलिस आशंका जता रही है कि कारीगर की हत्या किसी करीबी ने ही की है। पुलिस के अनुसार हत्या के पहले शराब पार्टी हुई। उधर, एसपी अभिषेक भारती मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वारदात से बाजार में अफरातफरी का माहौल रहा।

# करोड़ों की कोठी बनाने में खर्च रकम का हिसाब नहीं दे सकी बर्खास्त सिपाही की पत्नी, ईडी पहुंची घर

ईडी की जांच में सामने आया है कि सुल्तानपुर रोड पर बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह ने आलीशान कोठी बनाई, जिसके निर्माण में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी के गिरफ्तार बर्खास्त सिंह की पत्नी से निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को की। ईडी की तीन सुल्तानपुर रोड सिंह के घर पर पत्नी से करोड़ों से बने मकान का सूत्रों की मानें तो की पत्नी



मामले में सिपाही आलोक प्रवर्तन के अधिकारियों गहन पूछताछ सदस्यीय टीम ने स्थित आलोक जाकर उसकी रुपये की लागत हिसाब मांगा। आलोक सिंह अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी, जिसकी वजह से उसे नोटिस देकर कार्यालय तलब किया जाएगा।दरअसल, एसटीएफ और ईडी की जांच में सामने आया है कि सुल्तानपुर रोड पर बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह ने आलीशान कोठी बनाई, जिसके निर्माण में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। आलोक सिंह के आयकर विवरण की छानबीन में पता चला कि उसने बीते तीन वर्षों में महज कुछ लाख रुपये की आमदनी का ब्योरा दिया था। आलोक से ईडी ने जेल में पूछताछ की थी, जिसके बाद उसकी पत्नी से भी घर पर जाकर आमदनी और खर्च का हिसाब मांगा गया। उसकी पत्नी ने अधिकारियों को बताया कि कोठी के निर्माण में खर्च रकम का ब्योरा आलोक के पास होगा, उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं दूसरी ओर आलोक सिंह ने भी जेल में हुई पूछताछ में अधिकारियों का सहयोग नहीं किया था, जिसकी वजह से उसे कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी है।आर्पिक फार्मा का मनोहर नहीं हो रहा पेश- वहीं दूसरी ओर कफ सिरप की तस्करी के आरोप में वांछित अहमदाबाद की आर्पिक फार्मा का संचालक मनोहर जायसवाल ईडी के सामने पेश नहीं हो रहा है। ईडी उसे तीन बार नोटिस देकर तलब कर चुका है। सोमवार को उसे जांच एजेंसी के सामने पेश होना था, लेकिन उसने अपनी पत्नी की तबियत खराब होने का हवाला देने वाला ई-मेल भेजकर मोहलत मांगी है। अधिकारियों के मुताबिक मनोहर गिरफ्तारी के डर से पेश नहीं हो रहा है। इस मामले में उसकी पत्नी और बेटी भी आरोपी है। ईडी ने बीते दिनों उसके अहमदाबाद और लखनऊ के ठिकानों पर छापे मारकर कई अहम सुबूत जुटाए थे। उसके खिलाफ राजधानी में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

# बिजली संशोधन विधेयक और निजीकरण का वित्तीय पैकेज लाने की तैयारी में केंद्र सरकार, कर्मचारी बोले- मंजूर नहीं

यूपी में बिजली का निजीकरण हो सकता है। केंद्र सरकार इसके लिए बिजली (संशोधन) बिल 2025 और बिजली के निजीकरण के लिए वित्तीय पैकेज का प्रस्ताव ला सकती है।विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार बिजली (संशोधन) बिल 2025 और बिजली के निजीकरण के लिए वित्तीय पैकेज का प्रस्ताव संसद के आगामी बजट सत्र में लाने की तैयारी में है। इसे स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।संघर्ष




समिति ने बताया कि बिजली के मामलों की संसदीय समिति की 18 दिसंबर को बैठक हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की थी। इस बैठक में ही यह निर्णय लिया गया है कि बिजली (संशोधन) बिल 2025 को संसद के बजट सत्र में पारित कराया जाय। संघर्ष समिति ने बताया कि इस वित्तीय पैकेज के तहत प्रदेश सरकारों को तीन विकल्प दिए जाएंगे।पहला विकल्प यह होगा कि राज्य के विद्युत वितरण निगमों की 51त्न इक्विटी बेंच दी जाए और विद्युत वितरण निगमों को पीपीपी मॉडल पर चलाया जाए। दूसरा विकल्प यह होगा कि विद्युत वितरण निगमों की 26त्न इक्विटी बेची जाए लेकिन प्रबंधन निजी क्षेत्र का होगा। तीसरा विकल्प यह होगा कि विद्युत वितरण निगमों को स्टॉक एक्सचेंज में एनलिस्ट किया जाए। संघर्ष समिति ने बताया कि बजट सत्र में लाए जाने वाले वित्तीय पैकेज की इन तीनों शर्तों का एक ही तात्पर्य है बिजली का निजीकरण किया जाए। बिजली कर्मचारी ऐसे किसी प्रस्ताव का पुरजोर विरोध करेंगे। संघर्ष समिति ने बताया की बिजली के मामलों की संसदीय समिति की 03 फरवरी को बैठक हो रही है। उम्मीद की जाती है कि इसी बैठक में वित्तीय पैकेज और बिल 2025 के ड्राफ्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिससे इसे संसद के इसी बजट सत्र में रखा जा सके।

# बलहा ब्लॉक के बढैय्या कला में फर्जी मस्टर रोल बनाकर मजदूरों की हाजिरी दिखाना और पैसे निकालना जारी

क्यूँ न लिखूँ सच / अमरिक सिंह /बहराइच - बहराइच में मनरेगा योजना के तहत फर्जी मास्टर रोल के कई मामले सामने आए हैं, खासकर बलहा ब्लाक जैसे ब्लॉकों में है जहाँ बिना काम के मजदूरों की हाजिरी भरकर और एक ही फोटो को कई मास्टर रोल पर लगाकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, खबर चलने के बाद अधिकारियों में हड़कंप मचा है और ग्रामीणों में रोष है, जिसके बाद कुछ मामलों में कार्रवाई भी हुई है. लेकिन बलहा ब्लॉक के बढैय्या कला है यहाँ भी ग्राम प्रधानों द्वारा फर्जी मास्टर रोल के ज़रिए मजदूरों की फर्जी हाजिरी भरने का मामला सामने आया है, लगभग 100 मजदूर कागजों पर चल रहा है जबकि मौके पर इस ग्राम पंचायत में कुछ ही मजदूर मिले। पर इस ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान रोजगार सेवक



ब्लॉक के अधिकारियों ने मिलकर फर्जी मास्टर रोल भरकर सभी हदें पार कर दी है। जब जब फर्जीवाड़े की वीडियो वायरल होती है तो ग्राम सचिव ने जांच कर कार्रवाई की है और कुछ मास्टर रोल शून्य किए गए हैं। हालाकी ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय मजदूरों को काम नहीं दिया जा रहा और ठेकेदारी प्रथा अपनाई जा रही है, फर्जी मास्टर रोल के मामले में ब्लॉक अधिकारीयों की बड़ी भूमिका सामने आ रही है और वही वजह है जिससे ग्रामीण नाराज हैं। कार्यवाही के नाम पर ग्राम पंचायतों में अधिकारी जांच के दौरान खानापूर्ति करते हैं। और चंद पैसों की खनक में कागज पूर्ति कर देते हैं।

# कर एवं राजस्व वसूली में शिथिलता पर सख्त रुख, डीएम ने दिए कड़े निर्देश, लक्ष्य से पीछे रहने वाले विभागों पर कार्रवाई तय

क्यूँ न लिखूँ सच/राजेंद्र विश्वकर्मा/ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा की। लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आबकारी, स्टाम्प, परिवहन एवं व्यापार कर विभागों की अपेक्षाकृत कम




प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। विशेष रूप से स्टाम्प वसूली में ढिलाई पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्टाम्प वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही वर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग द्वारा जारी की गई आरसी की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए तथा बड़े बकायेदारों की संपत्ति कुर्क कर कठोर कार्रवाई की जाए। व्यापार कर विभाग द्वारा प्रवर्तन कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई और निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी स्तर पर कर क्रापवंचन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मंडी परिषद को भी राजस्व वसूली में तेजी लाने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तीन वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही धारा 34 एवं 116 के अंतर्गत लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को समयबद्ध न्याय मिल सके। उन्होंने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह एवं अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी एवं निरंतर अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि कब्जे की किसी भी शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने तथा शासन के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिए सभी विभाग पारदर्शिता, तत्परता एवं उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में रहकर समस्याओं का समाधान करें और जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेन्द्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष प्रभंजन अग्रवाल की अगुवाई में दिया ज्ञापन

## ग्राम कुदरा मे गोकशी की घटना के आरोपी जल्द गिरफ्तार हो

क्यूँ न लिखूँ सच/पवन कुमार/ कोंच(जालौन) आज मंगलवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष और व्यापारियों के लिये दिन रात कार्य करने वाले नगर के प्रसिद्ध सर्राफा कारोबारी प्रभंजन अग्रवाल की अगुवाई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सीओ कोंच को दिया कोतवाली सीओ परमेश्वर प्रसाद की गैर मौजूदगी यह ज्ञापन




कोतवाली के एसएसआई विमलेश कुमार को दिया इस दिए गये ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि पिछले दिनों कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा गांव में गोकशी की एक घटना सामने आई थी जिसमें गोकशी के आरोपियों ने रात का फायदा उठाकर इस घटना को अंजाम देकर भाग गए थे इस गोकशी घटना को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मांग करता है कि प्रशासन जल्द से जल्द घटना कारित करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने का कार्य करे क्यों कि गोवंशज के अवशेष देख व्यापारियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल देवेंद्र अग्रवाल सोनू अशोक कुमार अग्रवाल बादशाह विजय कुमार अग्रवाल महेंद्र यादव दाऊ विनय अग्रवाल बुहारे वाले लोकेंद्र अग्रवाल बल्लन शंकर दयाल अग्रवाल राम बिहारी अग्रवाल रामू प्रमोद लोहिया विनीत सोनी सहित कई व्यापार मंडल से जुड़े लोग मौजूद रहे

# मोहल्ला पटेल नगर वासियों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया

क्यूँ न लिखूँ सच/पवन कुमार/ राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन) नगर में पटेल नगर मुख्य मार्ग चन्द कुआं से बाजार बाली गली एक सीवर एक साल से सड़क पर बह रहा है अब ज्यादा ही परेशानी होने पर आज जन समस्या को लेकर पटेल नगर वासियों के साथ उप जिला अधिकारी ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया और इस




जनहित में समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की है कोई सुनने वाला ओर देखने वाला नहीं है वॉर्ड बासी घुट घुट कर जी रहे बीमारी से ग्रस्त हो रहे है बदबू से नगर वासियों को भी निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी रवि गोयल छोटू टाइगर शांतनु यादव,नरेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, गिरीश चौरसिया,सरोज देवी अमर अग्रवाल, अखिलेश चचोदिया सरोज महेन्द्र लोहिया, शिवम अग्रवाल प्रशांत अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे

# प्रधानमंत्री स्वनिधि व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा, लंबित आवेदनों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/पवन कुमार/ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए और इस कार्य में किसी भी स्तर




पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को अनिवार्य रूप से लाभान्वित किया जाए तथा बैंकों में कोई भी आवेदन लंबित न रहने पाए। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृत किए जाएं, जिससे छोटे व्यापारियों एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों को शीघ्र आर्थिक संबल मिल सके। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना की भी विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए और बैंकों में लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल स्वीकृत किया जाए, ताकि युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंक और संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि योजनाओं के संचालन में अनावश्यक विलंब अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, लीड बैंक मैनेजर अनुराग सक्सेना आदि संबंधित विभागीय अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व धर्म परिवर्तन कराने से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल / क्यूँ न लिखूँ सच /श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही साथ ही महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम के सम्बन्ध



में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सोनवा विसुनदेव पाण्डेय के नेतृत्व मे थाना सोनवा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 250/2025 धारा 137(2) , 87,65(1) बीएनएस, 3/4 पाक्सो एक्ट, 3/5 उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संप्रवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021, व 3(2)(ड्क) एससी/एसटी एक्ट थाना सोनवा में वांछित/नामजद अभियुक्त समीर अहमद पुत्र गुलाम सैय्यद निवासी ग्राम सतरही थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को चौगोई नहर मोड़ बहदग्राम सोनवा के पास से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाई पूर्ण कर नियमानुसार मा0 न्यायालय भिनगा रवाना किया गया।

# किशोर की पेड़ से गिरकर मौत

क्यूँ न लिखूँ सच /प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। लकड़ी तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा किशोर पैर फिसलने से नीचे गिर गया। इससे गंभीररूप से घायल हो गया। इलाज के लिए घायल किशोर को अस्पताल ले जाया जा रहा था रास्ते में उसकी मौत हो गई। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के मलंग गांव निवासी दुर्गा प्रसाद (13) पुत्र हुकुमचंद भार्गव सुबह अपने अन्य साथियों के साथ गांव के बाहर स्थित बाग में आम की लकड़ियां तोड़ने गया था। लकड़ी तोड़ने के लिए वह पेड़ पर चढ़ा था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। इससे वह गंभीररूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल किशोर को सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बहराइच के लिए रेफर कर दिया। परिजनों किशोर को जिला अस्पताल बहराइच ले जा रहे थे।

# उपकरण पाकर दिव्यांगों के खिले चेहरे

क्यूँ न लिखूँ सच /प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती सीमा क्षेत्र के



लोगों के उत्थान के लिए एसएसबी की ओर से नागरिक कल्याण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत सीमावर्ती युवाओं को समय-समय पर प्रशिक्षण व जरूरतमदों को उपकारण प्रदान किए जाते हैं। इसी क्रम में जमुनहा में कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांगों को उपकरण व प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाण पत्र दिया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविन्द कुमार यादव / श्रावस्ती बाल रक्षा भारत संस्था की ओर से जमुनहा के शिकारी चौड़ा स्थित ग्राम सचिवालय सभागार में प्रशिक्षण कर्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी विवेक कुमार शाही की उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एएनसी, एचआरपी (उच्च जोखिम गर्भावस्था) व ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) विषयों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

# The story isn't over! Another final adventure of Stranger Things: When and where to watch the 2-hour, 2-minute film on OTT platform

**If you thought the Duffer Brothers' web series, "Stranger Things," was over, you'd be wrong, as the final installment of the series is ready to be released on OTT platform. Find out when and where you can watch the final installment of "Stranger Things" on OTT platform in this article. Five seasons of "Stranger Things" have been released - "Stranger Things" debuted in 2016 - "Documentary ready for OTT release" - A decade, 5 seasons, and 42 episodes... Stranger Things is a world that captivated audiences for 10 years. The story and the way the cast progresses are worth watching. Recently, the final episode of the web series was released, leaving everyone with tears in their eyes. But the story isn't over yet, as the Duffer Brothers are releasing another final installment of "Stranger Things." Following the release of Volume 3 of Stranger Things Season 5, the Duffer Brothers announced that the adventure isn't over yet, as they're bringing another installment of the series, chronicling the journey of season five in a 2-hour, 2-minute documentary. Find out when and where you can watch "Stranger Things One Last Adventure." When will the final installment of "Stranger Things" be released? - If you think "Stranger Things One Last Adventure" continues the series' story, it's not. This documentary will showcase the behind-the-scenes story, from the first season to the final season, including behind-the-scenes moments and how the filming unfolded. This 2-hour, 2-minute documentary is scheduled to release on the Netflix OTT platform on January 12, 2026. Will there be a "Stranger Things" Season 6? After watching Stranger Things season 5, many people wondered if there would be a sixth season, as Eleven was shown in a different location at the end of the final episode. However, the Duffer Brothers denied this. In an interview with Entertainment Tonight, Ross said, "I think this season really closes the door on this story." He stated that the show has ended because its time has come to an end.**




# 16-year-old 'Adolescence' actor Owen Cooper made history, Timothée won Best Actor.

**The Golden Globe Awards, one of the world's most prestigious awards ceremonies, were held on January 11th, and were live-streamed in India on the morning of January 12th. Which film, series, or artist won the 83rd Golden Globe? See the full list here. Owen Cooper made history again at the Golden Globe Awards; 30-year-old Timothée Chalamet won the most awards. The year 2026 marked the beginning of the awards season. Following the Critics' Choice Awards, Hollywood's prestigious awards event, the Golden Globe Awards, was held. Famous comedian Nikki Glaser hosted this impressive event. This year, numerous names from film and television were included in the Golden Globe Awards nomination list. The most nominated were shows and movies like the hit series Adolescence, One Battle After Another, and Sinners. Owen Cooper of Adolescence made history at the Golden Globes. He became the youngest actor to win a Golden Globe Award for Best Supporting Actor at the age of 16. One Battle After Another also shone in the event. Who were the winners in the 83rd Golden Globe Awards... See the complete list of winners here... Best Director - Paul Thomas Anderson (One Battle After Another) Best Male Actor in a Motion Picture Musical/Comedy - Timothée Chalamet (Marty Supreme) Best Picture Musical/Comedy - One Battle After Another Best Female Actor in a Motion Picture Musical/Comedy - Rose Byrne (If I Had Legs I Had Kick You) Best Male Actor in a Television Series/Musical/Comedy - Seth Rogen (The Studio) Best Picture in Drama - Hamnet Best Male Actor in a Motion Picture Drama - Wagner Moura (The Secret Agent) Best Female Actor in a Motion Picture Drama - Jessie Buckley (Hamnet) Best Supporting Female Actor in Any Motion Picture - Teyana Taylor (One Battle After Another) Best Supporting Male Actor in Any Motion Picture - Stellan Skarsgård (Sentimental Value) Best Screenplay in a Motion Picture - Paul Thomas Anderson (One Battle After Another) Best Supporting Female Actor in Television – Erin Doherty (Adolescence) Best Supporting Actor in Television – Owen Cooper (Adolescence) Best Performance in Stand-Up Comedy – Ricky Gervais Best Non-English Language Motion Picture – Secret Agent (Brazil) Best Motion Picture Animated – K-Pop Demon Hunters Best Cinematic and Box Office Achievement – ??Sinners Best Female Actor in a Television Limited Series, Anthology Series or Television Motion Picture – Michelle Williams (Dying for Sex) Best Male Actor in a Television Limited Series, Anthology Series or Television Motion Picture – Stephen Graham (Adolescence) Best Male Actor in a Television Series/Drama – Noah Wyle (The Pit) Best Female Actor in a Television Series/Drama – Jean Smart (Hacks) Best Score in a Motion Picture – Ludwig Göransson (Sinners) Best Original Song – Golden (K-Pop Demon Hunters) Best Podcast – Good Hang with Amy Poehler Best Music or Comedy Series – The Studio Best Limited Series, Anthology Series or Television Motion Picture- The films One Battle After Another and the miniseries Adolescence won the most awards at the Golden Globe Awards. Both of these films made a splash at the awards ceremony. Timothée Chalamet also won Best Actor at the Critics' Choice Awards hosted earlier this year.**



# Nick styled Priyanka's hair on the Golden Globes red carpet and revealed who controls the TV remote at home.

**Priyanka Chopra also played a key role at the 83rd Golden Globe Awards. The desi girl stole the spotlight as a presenter at this international event. She arrived on the red carpet with her husband and singer Nick Jonas and captured everyone's attention with a cute moment. Priyanka Chopra became a presenter at the Golden Globes. Priyanka Chopra made her entry with Nick Jonas. Nick showered Priyanka with love in the crowded gathering. Global icon Priyanka Chopra added glamour to Hollywood's prestigious awards ceremony, the Golden Globe Awards 2026, held at the Beverly Hilton in California. Priyanka Chopra, who has transitioned from Bollywood to Hollywood, played a key role at the 83rd Golden Globe Awards ceremony. This year, she was chosen as a presenter. The actress, along with Blackpink star Lisa, took the stage to present the Best Male Actor award. Priyanka and Nick stole the show on the red carpet. Priyanka Chopra also stole the show on the Golden Globes red carpet. She entered the awards ceremony with her husband, Nick Jonas. As soon as the star couple arrived on the red carpet, the paparazzi were racing to capture them. The couple's chemistry was amazing, and they left no stone unturned to enhance it. The couple was seen romancing on the red carpet. Nick Jonas was seen combing his wife Priyanka Chopra's hair while posing for the cameras. The desi girl was also seen adjusting her husband's bow tie. For the event, the actress wore a beautiful blue off-shoulder gown, which she styled with diamond jewelry. She looked gorgeous in this look. Meanwhile, Nick looked dapper in a black tuxedo with a white shirt. Who controls the TV at home? During the event, while talking to the media, Priyanka Chopra and Nick Jonas revealed who controls the TV remote at home and which is their favorite show or movie. Speaking to the jury hall, the singer said, "There is really no guilty pleasure in our house. Everything is fine. You can watch whatever you want." Immediately interrupting Nick Jonas, Priyanka Chopra said, "No, we can watch whatever you (pointing towards her husband) like." Then Priyanka told that she is currently trying to watch Love Island.**

